Patrika (Indore), 06th June 2014, Page - 01

हौसला अफजाई ◆ आईआईटी के दूसरे दीक्षांत समारोह में बोले पूर्व राष्ट्रपति डॉ. कलाम

अपने रास्ते की दिक्कतें खुद दूर करो

इंदौर

indore@patrika.com

आप जीवन के उस मोड़ पर खड़े हैं, जहां से सफलता आपका इंतजार कर रही है। निश्चित रूप से सफलता के रास्ते में कुछ दिक्कतें भी आएंगी। ये दिक्कतें दूर करने के लिए कोई आपकी मदद करे या न करे, पर आपमें इन दिक्कतों को दूर करने की क्षमता होना चाहिए। यू आर द कैप्टन ऑफ योर प्रॉब्लम।

यह कहना है मिसाइलमैन व पूर्व राष्ट्रपति डॉ. एपीजे अब्दुल कलाम का। गुरुवार को वे आईआईटी इंदौर के दूसरे दीक्षांत समारोह में ग्रेजुएट्स को संबोधित कर रहे थे। इस मौके पर डॉ. कलाम ने समारोह स्थल पर लगाए गए विद्यार्थियों के प्रोजेक्ट्स को देखा और सराहा।

दीक्षांत समारोह @ पत्रिका प्लस

डॉ. कलाम ने दिलाए संकल्प

1. राष्ट्रहित - ब्रांड आईआईटी दुनियाभर में क्रिएटिविटी, एक्सीलेंस और इंटीग्रीटी के लिए पहचाना जाता है। ये खूबियां देश के लिए भी जरूरी हैं। कम समय में ही आईआईटी इंदौर ने देश में अलग पहचान बनाई।

2. निचले तबके का विकास- आईआईटी से निकलने के बाद आप लोगों के सामने नई चुनौती है। दुनिया में तीन बिलियन लोग अभावग्रस्त जीवन जी रहे हैं। समाज में बदलाव की कल्पना करने से पहले हमें इन लोगों के विकास के बारे में सोचना होगा। आप अगर इन पर फोकस करना शुरू करेंगे तो पाएंगे, समाज में अपने आप ही बदलाव आता जाएगा।

3. हमेशा रहें प्रयासरत- ग्लोबल वार्मिंग, ग्लोबल टैररिज्म और ग्लोबल पॉवर्टी को दूर करने के लिए इंजीनियर्स हमेशा प्रयासरत रहें।